मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-315
31/07/2022

राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिये वेटलिफ्टिंग में पहला गोल्ड मेडल जीतने पर मुख्यमंत्री ने सुश्री साइखोम मीराबाई चानू को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 31 जुलाई 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिये वेटलिफ्टिंग में पहला गोल्ड मेडल जीतने पर सुश्री साइखोम मीराबाई चानू को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलिफ्टिंग में सुश्री साइखोम मीराबाई चानू ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें।

******